11 May - janj PG-01_Layout 1 5/11/2025 10:45 PM Page 1

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 12 मई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

संसार की समस्त संपत्ति भगवान रघुनाथ की सुरक्षा करना सेवक का धर्म : राजेश्री 6



## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशनों पर संदिग्धों की चेकिंग, सतर्क रहने की अपील

**जांजगीर-चांपा।** वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जांजगीर-चांपा पुलिस ने रेलवे स्टेशनों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में यह अभियान एसडीओपी जांजगीर कविता ठाकुर एवं एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के तहत नैला और चांपा रेलवे स्टेशन पर बीडीएस टीम द्वारा मेटल डिटेक्टर एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की तलाशी ली गई। इस दौरान यात्रियों को सतर्क रहने एवं लावारिस वस्तुओं को न छूने की सलाह दी गई।

### लाइवलीहुड कालेज में प्लेसमेंट कैंप 14 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार 14 मई को प्रातः 11 बजे दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक बाम्बे इंटीग्रेटेड सिक्युरिटी इंडिया लिमिटेड रायपुर द्वारा सुरक्षा गार्ड के 50 पद एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के 10 पदों पर भर्ती की कार्यवाही कर जावेगी। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कैंप में भाग ले सकते है।

### 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** आबकारी विभाग दबिश देते हुए एक युवक के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया है। प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नितिन शुक्ला के मार्गदर्शन में 11 मई को सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल को मुखबिर द्वारा वार्ड नंबर 4 सोंठी थाना सक्ती निवासी मनोज कुमार सतनामी पिता रम्मैया लाल के द्वारा अपने घर से महुआ शराब बिक्री की सूचना पर मनोज सतनामी के घर की तलाशी ली गई। छापामार कार्रवाई के दौरान मनोज के कब्जे से 53 प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में भरा 200 मिली कुल 10.600 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। इसी तरह वार्ड नंबर 4 ग्राम नंदौरखुर्द थाना सक्ती निवासी धनसाय राठौर पिता प्रेमसाय के कब्जे से रसोईघर में टाइल्स के नीचे तहखाना बनाकर छिपा कर रखा 18 नग देशी प्लेन शराब पाव और 10 नग प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में 300 मिली कुल 6.42 लीटर शराब बरामद किया गया।

### जिला अस्पताल से अटैच आफिस में आगजनी से मचा हड़कंप


# सिविल सर्जन के दफ्तर में लगी भीषण आग, महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला अस्पताल से अटैच सिविल सर्जन ऑफिस में शनिवार की देर रात आग लग गई। आगजनी से ऑफिस के रिकॉर्ड रूम में रखे दस्तावेज जलकर खाक हो गए। गनीमत रही कि आग की लपटें अस्पताल तक नहीं पहुंच सकी। दमकल अगर समय पर आग पर काबू नहीं पाती, तो बड़ी जनहानी हो सकती थी।

जांजगीर के बैरिस्टर ठा छेदीलाल जिला चिकित्सालय के भवन में ही सिविल सर्जन का कार्यालय संचालित है। शनिवार 10 मई की देर रात सिविल सर्जन कार्यालय की ओर से आग लपटें उठने लगी। आग की लपटो को देखकर अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनो ने स्टॉफ को सूचना दी। जिसके बाद रात 3 बजे पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। आग से सिविल सर्जन कार्यालय के रिकॉर्ड रूम में रखे जरूरी दस्तावेज जलकर खाक हो गए। फायर ब्रिगेड ने तत्परता से कार्य करते हुए आग पर काबू पा ली, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। अस्पताल के वार्डों में बड़ी संख्या में मरीज भर्ती हैं। आग की लापटें अगर अस्पताल की ओर फैलती तो हालात बेकाबू हो सकते थे।आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल सका है। सीसीटीवी कैमरा के रिकार्डिंग की जाँच से आगजनी के कारण का खुलासा होने कि संभावना जताई जा रही है।

### वार्डो तक नहीं पहुंची लपटें अन्यथा हो सकती थी बड़ी जनहानि



रिकार्ड रूम में धधकती आग



आगजनी से जले दस्तावेज।

### विधायक ने की सी बी आई जांच की मांग

जांजगीर चाम्पा विधायक ब्यास कश्यप ने सीबीआई जांच की मांग की है। विधायक का कहना है कि तात्कालिन सीएस डॉ दीपक जायसवाल के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार के साथ नियम विरुद्ध हुए भर्ती की शिकायत उनके द्वारा की गई थी। शिकायत के बाद अचानक रिकार्ड रूम में आग लगने को संदिग्ध बताते हुए विधायक ने प्लान के तहत आग लगाने का आरोप लगाया है।

### जले है महत्वपूर्ण रिकार्ड, कराए है एफआईआर

रात में सिविल सर्जन कार्यालय के पीछे कक्ष क्रमांक 3 व 4 में आग लगी थी। इस घटना में दोनों कक्षों में रखे महत्वपूर्ण रिकार्ड जले है। एफआईआर दर्ज कराया गया है। फोरेसिंक टीम भी पहुंची थी। जांच में पूरा मामला स्पष्ट होगा।

-**डॉ. उमेश मरकाम,** प्रभारी सीएस जिला चिकित्सालय

### अचानक हुए आगजनी पर उठे सवाल

जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल पिछले कुछ महीनों से विवादों में घिरा हुआ है। यहां पदस्थ प्रभारी सिविल सर्जन और डॉक्टरों के बीच हुए विवाद की जांच आज तक पूरी नहीं हो सकी है और अब जिला अस्पताल में अटैच्ड सिविल सर्जन के दफ्तर में आगजनी की बड़ी घटना हो गई। खास बात यह है कि इस आगजनी में दफ्तर के कक्ष क्रमांक 3 व 4 में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज जले है। ऐसे में अचानक दफ्तर में आगजनी और महत्वपूर्ण दस्तावेजों के जलने को लेकर कई तरह के सवाल भी उठने लगे है। उल्लेखनीय है कि यहां पदस्थ रखे सिविल सर्जन और डॉक्टरों तथा स्टाफ के बीच हुए विवाद में प्रभारी सिविल सर्जन और 3 डॉक्टरों का स्थानांतरण भी हुआ है। वहीं विवाद मामले की जांच अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। ऐसे में आगजनी से एक और घटना और दस्तावेजों के जलने के मामले में फिर से जांच की बात कही जा रही है।



दुकान में जा घुसी कार।

# बोलेरो और अर्टिगा की आपस में भिड़ंत, आधा दर्जन बाराती घायल

### हसौद क्षेत्र के परसदा चौक की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद थाना क्षेत्र के परसदा चौक पर शनिवार रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। बारातियों से भरी एक बोलेरो अनियंत्रित होकर एक अर्टिगा से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो सड़क पर पलट गई, जबकि अर्टिगा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक दुकान में जा घुसी। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों में सवार कई लोगों को चोटें आई हैं। हसौद पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार घटना शनिवार 10 मई की रात करीब 8:30 बजे परसदा चौक पर चिस्दा से परसदा की ओर आ रही बोलेरो क्र. सीजी 04 एमक्यू 01763 की टक्कर सरसीवा से हसौद की ओर आ रही मारुति सुजुकी अर्टिगा क्र. सीजी 22 एडी 6618 से हो गई। तेज रफ्तार टक्कर के कारण बोलेरो मौके पर ही पलट गई, जबकि अर्टिगा अपना नियंत्रण खो बैठी और पास ही स्थित एक दुकान में जा घुसी। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत डायल 112 पर फोन कर हसौद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क के बीचों-बीच पलटी बोलेरो को हटवाया और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी लाइफलाइन हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हसौद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अर्टिगा में चार लोग सवार थे, जो सरसीवा से झरप बारात में जा रहे थे। वहीं, बोलेरो में आधा दर्जन से अधिक बाराती सवार थे, जो गिधौरी से वापस जशपुर कछार लौट रहे थे। इस हादसे में बोलेरो सवार कुछ लोगों को चोटें आई हैं, जिनका इलाज परसदा के लाइफलाइन हॉस्पिटल में किया गया। अर्टिगा में सवार दो लोगों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद देर रात को छुट्टी दे दी गई। फिलहाल, हसौद पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की गहन जांच कर रही है। दुर्घटना के बाद अर्टिगा और बोलेरो के चालक आपस में उलझ गए और दोनों वाहनों में सवार लोगों के बीच जमकर कहासुनी हुई। मौके पर पहुंचे हसौद थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनवरअली ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। हसौद पुलिस अब इस घटना की विस्तृत जांच में जुट गई है।

## एक ही जमीन को दो बार बेचकर 5 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

एक ही ज़मीन दो बार बेचकर की 5 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला पामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भिलौनी का है।

**खास बात**
- पामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भिलौनी का मामला

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भिलौनी निवासी परमेश साहू ने पहले अपनी खेत की ज़मीन को 14 फरवरी 2024 को एक व्यक्ति को बेच दिया और रजिस्ट्री भी करवा दी। इसके बावजूद, उसने उसी ज़मीन को 22 फरवरी 2024 को दोबारा बेचने का सौदा कर लिया और पीड़ित गोविंद प्रसाद शर्मा से 5 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर थाना पामगढ़ में धारा 420 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद आरोपी को 11 मई को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक मनोहर सिन्हा, सहायक उपनिरीक्षक, रामदुलार साहू, आरक्षक यशवंत पाटले, महिला आरक्षक सविता पटेल व थाना स्टाफ की अहम भूमिका रही।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### अज्ञात कारणों से युवक ने आत्महत्या कर दी जान

**गोधना।** अज्ञात कारणों से युवक ने आत्महत्या कर अपनी जान दे दी। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुकदा का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कुकदा निवासी जयकुमार कश्यप, पिता दिलहरण कश्यप उम्र 27 वर्ष ने अपने ही घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों द्वारा तत्काल शिवरीनारायण थाना को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ की गई। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। हालांकि पतासाजी जारी है।

## गर्मी में लोगों को खल रही सिटी बस की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में कोरोनाकाल से बंद हुई सिटी बस सेवा अब तक पटरी में नहीं आ सकी है। गर्मी के मौसम में लोगों को सिटी बस की कमी खल रही है। लोगों को जिला मुख्यालय सहित आसपास के शहरी इलाकों में आवागमन करने में आटो और निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर से नवंबर 2015 में सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया गया। यहां 10 बसें आई थी और सभी बसों का परमिट कार्यालय सचिव क्षेत्रिय परिवहन पदाधिकारी द्वारा जारी किया गया था। इनमें से सिर्फ पांच बसों का संचालन हुआ। ऐसे में जिलेवासियों को सभी सिटी बसों का लाभ नहीं मिला। जिन मार्गों पर दो-दो बसें चलनी थी उन मार्गों पर एक-एक बस ही चलाया गया। इसके बाद रही सही कसर कोरोनाकाल ने निकाल दी। कोरोनाकाल के समय जो सिटी बस सेवा बंद हुई, वह आज तक पटरी पर नहीं आ सकी है। इतना ही नहीं शासन द्वारा करोड़ों की लागत से भेजी गई 10 सिटी बसों की हालत भी कंडम हो गई है। ये गाड़ियां जहां तहां खड़ी कबाड़ हो रही है। इन बसों के पहिये, इंजन और बैटरी गायब हो चुके हैं, शीशे टूट चुके हैं। इधर लोगों को नैला रेलवे स्टेशन, चांपा, कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, जिला अस्पताल के अलावा अकलतरा, बलौदा, बाराद्वार आदि क्षेत्र में सफर करने के लिए निजी बसों अथवा निजी आटो और चारपहिया वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी जिला मुख्यालय जांजगीर में कलेक्टर कार्यालय, एसपी कार्यालय, जिला पंचायत, जिला न्यायालय, जिला अस्पताल, रोजगार कार्याल, जिला परिवहन कार्यालय आदि जगहों पर जाने में हो रही है। मजबूरी में लोगों को अधिक किराया देकर आटो में सफर करना पड़ रहा है।



पड़े पडे कबाड़ हो रही सिटी बस।


## धान की खड़ी फसल में लगी आग, फसल जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जैजैपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सलनी की है, जहां 11 केव्ही तार के शार्ट सर्किट हो जाने से तार टूट कर धान के फसल लगे खेत में गिर जाने से खेत में आग लग गया जिससे किसानों के हजारो का खड़ी फसल जल गया। किसानों का कहना है कि धान का फसल पक कर तैयार हो गया है और कटवाने लायक हो गया है। अचानक 11केव्ही तार में शार्ट सर्किट हो जाने के कारण मेरे खेत के खड़ी फसल में आग लग गया। धान की फसल जल जाने से हजारो का नुकसान हो गया। अगले वर्ष भी इसी प्रकार की और घटना हुई थी जिससे हम लोगों को बहुत बड़ी क्षति हुई थी इसी प्रकार के घटना बार-बार देखने को मिल रहा है हमने बिजली विभाग को पहले भी सूचित किया था कि यहां से जो गुजरने वाली 11 केव्ही तार को बदल कर अच्छी तरह से लगाया जाए, ताकि आने वाले समय में इस प्रकार के घटना न हो।


## MARK OF EXCELLENCE

अनुभवी एक्सपर्ट्स द्वारा वर्ल्ड-क्लास यूरोलॉजी एवं किडनी केयर



**यूरोलॉजी एवं यूरोसर्जरी**
- यूरेथर की पथरी का बिना चीरे या छोटे से चीरे द्वारा दूरबीन से ईलाज।
- आधुनिक दूरबीन द्वारा छोटे से चीरे से गुर्दे की पथरी का ऑपरेशन (PCNL)
- लेजर मशीन द्वारा किडनी की पथरी का ईलाज (RIRS)
- प्रोस्टेट ग्रंथी का दूरबीन से ऑपरेशन (TURP)
- पेशाब नली की सिकुड़न का ईलाज।
- किडनी, पेशाब नली, पेशाब थैली के कैंसर का ईलाज।

**नेफ्रोलॉजी सेवाएं**
- डायलिसिस की सुविधा
- किडनी फेल मरीजों का ईलाज।
- CAPD की सुविधा
- प्लास्मा फेरेसिस
- किडनी बायोप्सी
- एवी फिस्टुला
- बच्चों के किडनी संबंधित रोगो का ईलाज
- किडनी ट्रांसप्लांट संबंधित सलाह



MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 ( C.G.)
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com Email: Info@markhospital.com
Emergency: +91 89620 32472 Other Appointment: +91 91099 69722
Urology & Nephrology Appointment: +91 78800 95058
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
24x7 SERVICES: CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
AdPRAYAS


### कागजों में ही सिमटकर रह गई साफ-सफाई के लिए बनाई समिति

# बदहाली के दौर से गुजर रहे जिले के अधिकांश तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के अधिकांश तालाब बदहाली के दौर से गुजर रहे है। इनके संरक्षण व संवर्धन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर बनाई गई स्वच्छता समिति महज कागजों में ही सिमटकर रह गई है।

गौरतलब है कि अविभाजित जिले में 657 ग्राम पंचायत है, वहीं 7652 तालाब है। इनमें 4457 शासकीय तो वही 2986 निजी तालाब है, लेकिन आधुनिकता के इस दौर में तालाबों का संवर्धन एवं संरक्षण नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण अधिकांश तालाब इन दिनों अस्तित्व संकट की समस्या से जूझ रहे हैं। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए निस्तारी का प्रमुख संसाधन तालाब ही है, लेकिन तालाबों की साफ सफाई नहीं होने से अधिकांश तालाब जलकुंभी एवं कचरे से अटा पड़ा है। ग्राम पंचायतों में तालाबों के रखरखाव एवं साफ सफाई के लिए बनाई गई समिति महज कागजों में ही सिमट कर रह जाती है। पहले जहां ग्रामीण क्षेत्रों में धान सहित अन्य फसलों के लिए तालाबों के माध्यम से ही पानी पहुंचाया जाता था, लेकिन आधुनिकता के इस दौर में तालाबों का उपयोग खेती-बाड़ी के लिए पहले की अपेक्षा अब कम होने लगा है। हर साल गर्मी के दिनों में जल संकट की समस्या रहती है वही गांव के तालाबों का जलस्तर भी कम होने लगता है। ऐसे में पेयजल की समस्या भी मवेशियों के लिए होती है। इसके अलावा कई ग्राम पंचायतों का तालाब जलकुंभी से अटा पड़ा है, जिसके कारण तालाबों की सफाई एवं संवर्धन नहीं हो पा रहा है। जांजगीर-चांपा जिले में सबसे अधिक तालाब नगर पंचायत खरौद में है। अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत नरियरा का रामसागर तालाब 100 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। इसके अलावा भी गांवों में कई बड़े तालाब है, जो समय के साथ सिकुडते जा रहे है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जाए तो आधुनिकता के इस दौर में लोग तालाबों का उपयोग भी कम कर रहे हैं, जबकि पूर्व के समय में संसाधनों की समस्या थी जिसके कारण स्नान के लिए तालाब का का ही ज्यादातर लोग उपयोग करते थे। जिसके कारण नियमित साफ सफाई भी होती थी, लेकिन अब तालाबों की साफ-सफाई को लेकर किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



जलकुंभी से अटा पड़ा तालाब।

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

हरिभूमि
के सभी सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को हरिभूमि के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संकलनकर्ता :-

शैलेश कुमार शर्मा
प्रतिनिधि, सदर बाजार, चांपा
मो. 94252-30955, 75871-37310

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

संजय सोनी
पार्षद, वार्ड क्रमांक-06
नगरपालिका परिषद चांपा
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

प्रदीप नामदेव
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद चांपा
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
एक शुभचिंतक
चांपा (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सुमीत बघेल (एसडीएम), प्रशांत पटेल (तहसीलदार), ललित स्वर्णकार, ओ.पी. साहू, दिनेशचंद्र कोशले, श्रीमती ए. वर्गीस, आर.पी. श्रीवास, एम.एल. दुबे, चितेश्वर साहू, पुरुषोत्तम साहू व सुधेश शांडिल्य, भूषण मरकाम, शिव शर्मा (पटवारी) तथा समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी
तहसील एवं एसडीएम कार्यालय चांपा (छ.ग.)

हरिभूमि
उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के 25 वर्ष
छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि परिवार का एक अभिन्न सहयोगी
एवं शुभचिंतक चांपा (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि
उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के 25 वर्ष

संजय सिंह
राष्ट्रीय महासचिव एवं छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष
भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक)

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि
उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के 25 वर्ष
शुभेच्छु
क्षेत्र के औद्योगिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय विकास के लिए समर्पित
प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड
स्पंज आयरन एण्ड पॉवर डिवीजन
पोस्ट :- चांपा 495671 जिला :- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

11- MAY-JANJ-BHOOMI PG-3 FULL PAGE_Layout 1 5/11/2025 9:19 PM Page 1



# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र

## हरिभूमि

बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**डॉ. आर.सी. पाण्डेय**
संचालक

**पं. हरिशंकर शिक्षा महाविद्यालय सरखो जांजगीर** (बी.एड. एवं डी.एल.एड.)
**उत्कर्ष शिक्षा महाविद्यालय सरखो जांजगीर**
**ज्ञान भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर (हिन्दी माध्यम)**
**Gyan Bharti English Medium school Janjgir**
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) मो.नं.9826552609

---

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र

## हरिभूमि

बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

CHAITANYA SCIENCE AND ARTS COLLEGE
ACCREDITED WITH GRADE A NAAC
Pamgarh, Distt.- Janjgir Champa (C.G.)



**वीरेन्द्र तिवारी**
संचालक

**चैतन्य विज्ञान एवं कला महाविद्यालय पामगढ़**
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

---

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र

## हरिभूमि

बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**विनोद बंसल**
डायरेक्टर

**राधाकृष्ण शिक्षण समिति नवागढ़**
क्षेत्र के उत्कृष्ट महाविद्यालय नवागढ़
**पं. जवाहरलाल नेहरु महाविद्यालय नवागढ़**
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

---

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र

## हरिभूमि

बिलासपुर संस्करण के 25 वें स्थापना दिवस पर

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**डॉ. कमलेश पाण्डेय**
संचालक

**एस.डी. महाविद्यालय नवागढ़**
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

---

## हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**GYAN ROSHANI**
Behind Stadium, Janjgir
CBSE Recognised, Up to Class 10th

37 वर्षों से संचालित

**ज्ञानदीप उच्च. मा. शाला जांजगीर**
नर्सरी से बारहवीं
इंग्लिश मीडियम तथा हिन्दी मीडियम

**ज्ञानरोशनी महाविद्यालय जांजगीर** कोड-446
बी.ए. बी.कॉम.

ADMISSION OPEN

**ज्ञानरोशनी कॉलेज ऑफ फार्मेसी जांजगीर**
डी-फार्मा बी-फार्मा

**बी.एड.** जांजगीर शहर के बीच, हृदय स्थल में स्थित बस स्टैण्ड से 1.5 कि.मी. एवं नैला रेल्वे स्टेशन से 2 कि.मी. तथा चाम्पा से 8 कि.मी. की दूरी पर स्थित ज्ञानरोशनी बी. एड. कॉलेज-जांजगीर, कोड- 115311 ज्ञानदीप बी.एड. कॉलेज-जांजगीर, कोड- 115307

नैक बी ग्रेडेड कॉलेज (शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबद्धता प्राप्त)



**Dr. Akhilesh Katakwar**
Director

Link Road Janjgir Call 9425230436

## खबर संक्षेप

### सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पार्षद ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**अकलतरा।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 पोंड़ी भाठा में सामुदायिक भवन निर्माण की मांग को लेकर पार्षद सुभद्रा छतराम साहू के द्वारा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। पार्षद प्रतिनिधि छतराम साहू में बताया कि वार्ड क्रमांक 01 पोंडी भाठा में किसी भी प्रकार का शासकीय एवं सामुदायिक भवन नहीं है जिससे वार्डवासियों को सामाजिक कार्यक्रम के लिए भवन नहीं होने के कारण बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पडता है। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंप कर वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण की मांग की गई है जिससे स्थानीय निवासियों को उक्त सुविधा का लाभ मिल सके। इस अवसर पर वार्ड वासी भी शामिल थे।

### एनकेएच में मदर्स-डे पर निःशुल्क स्त्री रोग परामर्श शिविर आज से

**चांपा।** स्थानीय गौरव पथ स्थित एन.के.एच. मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर में मदर्स डे के अवसर पर 11 से 17 मई तक प्रतिदिन अपरान्ह 3 से सायं 5 बजे तक निःशुल्क स्त्री रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के दौरान हॉस्पिटल के सलाहकार विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। इस दौरान सभी स्त्री रोग लैब टेस्ट पर 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही यह सुविधा खून जांच कराने पर भी प्राप्त होगी। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण और गठन हेतु मोबाइल नंबर-8602005033 पर संपर्क किया जा सकता है। इस सुविधा का संबंधित जन लाभ उठाने के लिए एन.के.एच. मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल न्यू बस स्टैण्ड रोड गौरव पथ में संपर्क कर सकते है।

### श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला दिव्य : पं. पाण्डेय



**अकलतरा।** श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्राम अकलतरी के साहू के निवास में किया जा रहा है। कथावाचक पं बलराम प्रसाद पाण्डेय सिरली वाले के द्वारा कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा के पांचवे दिवस श्रद्धालुओं को बताया कि श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला दिव्य है और हर लीला का आध्यात्मिक पक्ष है। श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व के अनेक पहलू हैं। वे मां के सामने रूठने की लीलाएं करने वाले बालकृष्ण हैं तो अर्जुन को 'गीता' का ज्ञान देने वाले योगेश्वर कृष्ण। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बाल्यकाल में अनेक लीलाएं कीं। इसके पहले कथा में ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र,नरसिंह अवतार, प्रह्लाद चरित्र की कथा सुनाई गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण कथा सुनने पहुच रहे है। कथा का समापन तुलसी वर्षा, गीतापाठ,सहस्त्रधारा के साथ रविवार को हुआ।

### कनिष्ठ यंत्री जायसवाल रायपुर स्थानांतरित

**चांपा।** स्थानीय छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के कनिष्ठ यंत्री महेश जायसवाल का स्थानांतरण समान पद पर कार्यालय कार्यपालिक निदेशक (आरएपीएम) रायपुर हो गया है। इस संबंध में कार्यपालिक निदेशक द्वारा विगत 24 अप्रैल को आदेश जारी कर दिया गया है। नगर में अपनी पदस्थापना के दौरान नागरिकों की विद्युत संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए जायसवाल द्वारा संवाद सीएसपीडीसीएल नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप का निर्माण किया गया है, जिसमें विद्युत उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करते है। इन शिकायतों का त्वरित निराकरण उनके द्वारा किया जाता है। इसके चलते वे लोगों में काफी लोकप्रिय थे।

### राम मिलेंगे आश्रम में गौ संवर्धन व जैविक खेती पर कार्यशाला 25 से

**जांजगीर-चांपा।** हरिवंश कृपा राम मिलेंगे आश्रम तेंदुवा धाम ग्राम पंचायत कुरियारी शिवरीनारायण में 25 से 27 मई तक गौसंवर्धन और जैविक खेती पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का उदघाटन प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम करेंगे। प्रदेश के किसान एवं नागरिक इसमें शामिल हो सकते है। किसी प्रकार का रजिस्ट्रेशन शुल्क की आवश्यकता नहीं है। रुकने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था आश्रम द्वारा की गई है।

शिवरीनारायण मठ मंदिर में रविवारीय राम कथा

# संसार की समस्त संपत्ति भगवान रघुनाथ की, सुरक्षा करना सेवक का धर्म : राजेश्री



रामकथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते वक्ता।



दीप प्रज्जवलन कर रामायण जी की आरती करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण मठ में मई माह के दूसरे रविवार को रविवारीय राम कथा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे भगवान रघुनाथ के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके श्री रामायण जी की आरती के साथ हुआ। क्षेत्र के अनेक गांवों तथा नगरीय क्षेत्र से आए हुए मानस वक्ताओं ने श्री रामचरितमानस की कथा श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत की।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान अध्यक्ष दोनों सम्मिलित हुए। श्रोताओं को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने कहा कि श्री रामचरितमानस में लिखा है कि - संपत्ति सब रघुपति कै आही। जौ बिनु जतन चलौं तजि ताही।। अर्थात संसार की समस्त संपत्ति भगवान रघुनाथ जी की है, इसकी उचित सुरक्षा करना ही सेवक का धर्म है। उन्होंने राम राज्य की संकल्पना की भी विस्तार पूर्वक व्याख्या प्रस्तुत किया। राज्य गौ सेवा आयोग के वर्तमान अध्यक्ष विशेषर पटेल ने कहा कि - पुण्य पुंज बिनु मिलहिं न संता। अर्थात संतों का मिलन ही हमारे संचित पुण्य का प्रतीक है। संतों का मिलन संसार के आवागमन से मुक्ति दिला देती है उन्होंने अपना संस्मरण सुनाते हुए कहा कि - मेरी नौकरी नहीं लग रही थी तब मैंने श्रीरामचरितमानस का पाठ किया और मेरी नौकरी लग गई थी, पूरा पाठ करने में 22 घंटा लगा था। मैं लेक्चरर बना, शिक्षा जगत में सेवा का अवसर मिला दूर दराज के अनेक गांवों से आए हुए मानस वक्ताओं एवं भागवत के प्रवक्ताओं ने भी श्रोता समूह को संबोधित किया। ग्राम कैथा से आए हुए श्री कश्यप ने संगीत के माध्यम से मधुर भजन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विशेष रूप से भागवत प्रवक्ता नवीन शर्मा, शिवकुमार द्विवेदी, बिहारी लाल भारद्वाज आदि ने श्रोताओं को संबोधित करके श्री रामचरितमानस की कथा का रसपान कराया। कार्यक्रम के आयोजक निरंजन लाल अग्रवाल, योगेश शर्मा, त्यागी जी महाराज, सुखराम दास, देवेंद्र खापरे, फिरत राम पटेल, बद्री राम पटेल, भागवत केसरवानी, रवि शंकर यादव, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि शिवरीनारायण मठ में प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को रविवारीय राम कथा का आयोजन होता है जिसमें ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र से आए हुए श्रोता एवं वक्तागण उपस्थित होते हैं।



सड़क पर खड़े मवेशी।

## मुख्य मार्ग पर मवेशियों का जमावड़ा, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

ग्राम तुस्मा के मुख्य मार्ग पर इन दिनों आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। सड़क पारा मोहल्ला में सड़क पर खड़े मवेशी ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बने हुए है।

दर्जनों मवेशी दिनभर सड़क पर बैठे रहते हैं या बेधड़क इधर-उधर घूमते रहते हैं, जिससे न केवल ट्रैफिक बाधित होता है बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना रहता है। विशेष रूप से सुबह-शाम के समय जब स्कूली बच्चे, किसान और दुपहिया वाहन चालक इस मार्ग से गुजरते हैं, तब स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार प्रशासन और पशुपालन विभाग को शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि मवेशियों की वजह से पहले भी कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामवासियों का कहना है कि ग्राम पंचायत या संबंधित विभाग अगर समय रहते इन मवेशियों को पकड़कर उचित जगह भेजे और सख्ती से रोकथाम करे तो समस्या का समाधान संभव है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि शीघ्र ही इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके और लोगों का आवागमन सुलभ हो सके। तुस्मा के सड़क पारा मोहल्ला में शाम होते ही सड़क पर सैकड़ों मवेशियों की जमावड़ा लग जाता है। इससे राहगीर परेशान होते है। शाम को सड़क पारा का मुख्य मार्ग में आवागमन बाधित होता है।



मेडल के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में वूशु खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

■ सिवनी के 40 खिलाड़ी हुए शामिल, 17 गोल्ड, 7 सिल्वर, 6 ब्रॉन्ज मेडल किया प्राप्त

राज्य स्तरीय वूशु चैंपियन शिप प्रतियोगिता सेंट विसेंट पॉलिटी स्कूल डोंगरगढ़ में किया गया। छत्तीसगढ़ से 21 जिलों सहित 600 खिलाड़ी ओर कोच मैनेजर ने भाग लिया। जिसमे स्थानीय जिले से 60 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता मे भाग ली।

सभी खिलाड़ियों ने जांजगीर चांपा टीम की प्रतिनिधित्व खिलाड़ियों द्वारा किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सिवनी (च) के 40 खिलाड़ियों के द्वारा इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर विभिन्न वर्गों में 17 गोल्ड, 7 सिल्वर, 6 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया तथा खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में पार्टिसिपेट प्राप्त किया गया जो कि पूरे जांजगीर जिले के लिए गौरव की बात है कि अब वूशु प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले के बच्चो के द्वारा मेडल प्राप्त किया जा सकेगा। मेडलिस्ट खिलाड़ियों के रूप में गोल्ड काव्या श्रीवास, भूमिका देवांगन, भूमि देवांगन, गुंजन श्रीवास, यशस्वी पाण्डेय, आरुषि गोस्वामी, सोनाली देवांगन, दीप्ती महंत, कामना गोस्वामी, गरिमा पाण्डेय, माही यादव, सीनियर संदीप यादव, संजय महंत, गुलाब यादव, तिलक पूरी गोस्वामी, प्रीतम महंत, रितिका सिंह, सिल्वर श्रुति सोनी, देव महंत, रूपम झा, शिवा बारेठ, ममता रोहिदास, गोपाल यादव, मुस्कान बारेठ, ब्रॉन्ज अनिकेत यादव, विवेक यादव, रुचि माही, मंजूराम निहाल 17 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल लेकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना जगह बनाया जो कि पूरे जांजगीर जिले के लिए गौरव की बात है छत्तीसगढ़ वूशु संघ के महासचिव श्री डि कौंडिया सर जी के सौजन्य से यह प्रतियोगिता आयोजित किया गया था जिला जांजगीर वूशु संघ के सचिव श्री संदीप यादव ने सभी खिलाड़ियों का आभार व्यक्त कर भविष्य में भी वूशु गेम में बेहतरीन खेल प्रदर्शन करने का आश्वासन दिया गया तथा सभी खिलाड़ियों एवं जन प्रतिनिधियों का भी धन्यवाद किया गया।

## मोहिनी एकादशी पर श्याम भक्तों ने निकाली निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



श्याम बाबा का किया गया आकर्षक श्रृंगार एवं निशान यात्रा निकालते श्याम भक्त।

श्री श्याम परिवार द्वारा वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की मोहिनी एकादशी के अवसर पर नगर के पंचदेव मंदिर से श्री श्याम मनोहर मंदिर तक डीजे की धुन में निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा जनपद पंचायत कार्यालय, अंबेडकर चौक,आजाद चौक ,शास्त्री चौक एवं ओवर ब्रिज होते हुए श्री श्याम मनोहर मंदिर पहुंची।

निशान यात्रा के दौरान भक्तों ने हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। निशान यात्रा के श्याम मनोहर मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं के द्वारा श्याम बाबा को निशान समर्पित किया गया एवं महा आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

**श्याम बाबा के विग्रह का नोटों से किया गया श्रृंगार:**-मोहिनी एकादशी के अवसर पर आयोजन समिति के द्वारा श्री श्याम मनोहर मंदिर में श्याम बाबा के विग्रह का 20,50 एवं 100 के नोटों से श्रृंगार किया गया। श्री श्याम बाबा का नोटों से किया गया श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती के लिए आवेदन 21 तक आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ में जनपद पंचायत नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नेगुरडीह के ऑगनबाड़ी केन्द्र नेगुरडीह 01 में ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता 01 पद के लिए 21 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छूक अभ्यर्थी आवेदन पत्र कार्यालयीन दिवस सुबह 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक स्वयं अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकते है।

## पेंशनरों की समस्या को लेकर स्व. बैस ने किया आजीवन संघर्ष : मनहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

■ पेंशनर भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित



स्व .जगत सिंह बैस को श्रद्धांजलि देते पेंशनर।

नगर के बलौदा रोड मनका दाई मंदिर के पास स्थित पेंशनर भवन में छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के संस्थापक स्व.जगत सिंह बैस के जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं संघ के प्रांत अध्यक्ष डॉ. डीपी मनहर के को वाचस्पति की उपाधि से विभूषित किये जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ डीपी मनहर ने कहा कि छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. जगत सिंह बैस ने पेंशनरों की समस्या को लेकर आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने पूरे प्रदेश का दौरा कर पेंशनधारियों को संगठित कर उनके अधिकार के प्रति जागरूक कर उन्हें संघर्ष का मार्ग बताया। संघ के महासचिव रतनलाल ने कहा कि स्व. बैस किसी भी पेंशनर की समस्या को अपनी समस्या समझते थे। अपने अधिकार एवं जायज मांगों की पूर्ति के लिए बड़े से बड़े अधिकारी के समक्ष आवाज बुलंद करने से नहीं हिचकते थे। सेवानिवृत्ति तहसीलदार बुधराम मरकाम ने कहा कि स्व. बैस सादगी से जीवन यापन करते थे एवं उनके कंधे पर लटका हुआ होला उनकी पहचान थी। पेंशनधारी कल्याण संघ में अब बड़ी मात्रा में सेवानिवृत्ति तहसीलदार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं उच्च पदों से सेवानिवृत होने वाले अधिकारी कर्मचारी जुड़कर संघ को और भी मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के दूसरी बार प्रांत अध्यक्ष निर्वाचित होने एवं वाचस्पति की उपाधि से विभूषित होने पर स्व. जगत सिंह बैस स्मृति आयोजन समिति के द्वारा डॉ. डीपी मनहर को शाल ,श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम को साहब लाल पटेल, नारायण प्रसाद यादव ,सी आर मिरी, सुखदेव राम कुर्रे, बनवाली साहू ,बी आर कोसरे, आर के टांडे, इंद्रमण सिंह मरकाम ,दुर्गा राव,एम एल खांडे, राजेंद्र गुप्ता, आर के बंजारे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित थे।

